THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

1329. [*Transferred to the 30th July, 1992.*]

Scarcity of telecobalt units in L.N.J.P. Hospital

1330. SHRI N. E. BALARAM:
SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is a scarcity of the essential telecobalt units and the technical staff in the radiotherapy Department of the Lok Nayak Jaiprakash Narayan (LNJP) Hospital affecting the Cancer treatment; and

(b) fi so, what are the details thereof; and what steps are proposed to be taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) and (b) At present, there are two Telecobalt and one Telecaesium units in the Department of Radiotherapy of Lok Nayak Jaiprakash Narayan Hospital alongwith the requisite staff for their operation. However, due to the increasing number of patients at times equipments shortage has been experienced.

ग्रामीण निर्धनों के स्वास्थ्य की देखभाल

1331. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**

श्री वीरेन जे० शाह : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 मई, 1992 के 'इंडियन एक्सप्रेस' में 'हेल्थ-केयर टू रुरल पुअर डिसमल" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कार्यक्रमों का कोई प्रभावी असर नहीं पड़ा है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या है तथा इन कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में सरकार की भावी योजनाएं क्या हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) उपर्युक्त को देखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता ।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हासिल की गयी उपलब्धियां

1332. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**

श्री राम जेठमलानी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को 1980 के दशक के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में हासिल की गयी उपलब्धियों के बारे में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त किये गये प्रतिवेदन की जानकारी है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रतिवेदन की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं और उसमें की गई सिफारिशों पर सरकार की क्या क्या प्रतिक्रिया है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) :(क) और (ख) जी, हां ।